भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2517
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

आईआईटी पटना की छात्रावास क्षमता

2517. **श्री दिनेश चंद्र यादव:**
श्री गिरिधारी यादव:
श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार, आईआईटी पटना की छात्रावास और अन्य अवसंरचना क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ख) उक्त कार्य हेतु अब तक व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(**क**) **और** (**ख**): वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में, सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना में छात्रावास और अन्य अवसंरचना क्षमता के विस्तार की घोषणा की थी। माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 27.09.2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आईआईटी पटना में अवसंरचना परियोजनाओं के तीसरे चरण के विस्तार की आधारशिला रखी है। इस विस्तार को उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) के माध्यम से वित्तपोषित किया गया है, जिसने 2000-सीटयुक्त सीटों वाली बालक छात्रावास, 500 सीटयुक्त बालिका छात्रावास, और 250 सीटयुक्त अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के साथ-साथ शैक्षणिक भवनों और एक समर्पित अनुसंधान पार्क के विकास के लिए 644.54 करोड़ रुपये की राशि अनुमोदित की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, आईआईटी को सहायता योजना के तहत आईआईटी पटना को आवर्ती और गैर-आवर्ती व्यय दोनों के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए हैं।

*****